Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 24-08-2006

Participants : Vasava Shri Mansukhbhai D.

an>

Title : Need to take steps to check the growing brackishness of water in Ankaleshwar, Hasaut and Nagram in Bharuch Parliamentary Constituency in Gujarat.

श्री मनसुखभाई डी. वसावा (भरूच) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच के क्षेत्र जैसे अंकलेश्वर, हासौट, नागराम में खारे पानी का दबाव बढता जा रहा है । यह खारा पानी पीने के बिल्कुल योग्य नहीं है। अगर कोई पीता है तो उससे कई बीमारी लग जाती हैं और बीमारी से शरीर के अंग विक्लांग हो जाते हैं। यह खारा पानी जब किसानों के खेतों में पहुंचता है उनके खेतों का उपजाऊपन कम हो जाता है और धीरे धीरे उनके खेत बंजर हो रहे हैं एवं बंजर भूमि समय के साथ बढ़ रही है। इस संबंध में पेयजल तथा भूमि की बंजरता को बढ़ने से रोकने हेतु कई बार पत्र व्यवाहर किया। खेद है कि इस संबंध में अभी तक कोई कार्यवाही अभी तक नहीं की गयी है।

अतः सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त समस्याओं का जल्द सर्वे किया जाये और इन समस्याओं का निदान किया जाये।